
हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार, 23 फरवरी 2025

14 हैफेड और वेयर हाउस करेंगी सरसों की सरकारी खरीद...


14 एक्सपायरी डेट से कुछ दिन पहले पहुंची सामग्री...





## खबर संक्षेप

### फतेहाबाद व टोहाना से दो युवतियां लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मताना हाल ढाण्ड निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी लडक़े की 26 वर्षीय पत्नी गत दिवस फार्म भरने के लिए फतेहाबाद गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इसके बाद उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### विवाह समारोह में बीघड़ आए व्यक्ति की कार चोरी

**फतेहाबाद।** विवाह समारोह में भाग लेने गांव बीघड़ आए व्यक्ति की कार चोरी होने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित व्यक्ति द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में मण्डी आदमपुर, हिसार निवासी मनोज कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपनी गाड़ी में सवार होकर एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए गांव बीघड़ आए थे। उन्होंने गाड़ी को समारोह स्थल के पास खड़ा किया और समारोह में शिरकत करने चले गए। करीब दो घंटे बाद जब वह वापस बाहर आए तो उन्होंने देखा कि वहां से उनकी कार वहां से गायब थी। इस पर उन्होंने पहले आसपास कार की तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर कार की तलाश शुरू कर दी है।

### कथा सुनने गई महिला की चेन चोरी

**सिरसा।** शहर सिरसा पुलिस ने हुडा सेक्टर निवासी अनीता पत्नी कैलाश चंद की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकयत में अनीता ने बताया कि वह 17 फरवरी को रानियां रोड पर महा शिवपुराण कथा सुनने गई थी। जब वह कथा सुनकर लौट रही थी, तभी मुनादी हुई कि अपने गहने संभाल कर रखें। उसने जब अपने गले में पहनी चेन संभाली तो वह चोरी पाई। चेन की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है।

### सरकारी स्कूल में चोरी करने का आरोपी काबू

**सिरसा।** ऐलनाबाद थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते बीती 12 फरवरी की रात को ऐलनाबाद कस्बा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्ययालय से पीवीसी पाइप, मोटर की तार तथा टूंटियां चुराने के मामले में आरोपी को पंचमुखी चौक ऐलनाबाद क्षेत्र से काबू कर लिया है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान किंद्र पुत्र सतपाल निवासी वार्ड नंबर 17 ऐलनाबाद के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा संपति बरामद की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रिंसीपल कृष्ण कुमार की शिकायत पर ऐलनाबाद थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए आरोपी को पंचमुखी चौक ऐलनाबाद क्षेत्र से काबू कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की पूर्ति के लिए ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

### पुलिस ने नहला में चोरी के आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** गांव नहला में एक मकान में चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए थाना भूना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान मोमिन उर्फ मोमी पुत्र करतार सिंह निवासी नहला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 15 जनवरी को गांव नहला निवासी सुदेश देवी की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

हरियाणा में पंजाबी भाषा को उचित दर्जा देने की मांग

# पंजाबी संगठनों ने मातृभाषा दिवस पर उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

■ मांगा को हरियाणा सरकार तक पहुंचाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विश्व मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में सिरसा जिला के विभिन्न पंजाबी संगठनों द्वारा प्रो. गुरचरण सिंह सिरसा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त शांतनु कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले सिरसा जिला के पंजाबी संगठनों के प्रतिनिधियों ने पंजाबी मातृभाषा के पक्ष में लघु सचिवालय के समक्ष सांकेतिक धरना भी दिया, जिसमें श्री गुरुग्रंथ साहिब सत्कार सभा, लोक पंचायत सिरसा, पंजाबी अध्यापक एवं भाषा प्रचार प्रसार सोसायटी सिरसा, पंजाबी लेखक सभा सिरसा, पंजाबी साहित्य सभा कालांवाली, हरियाणा सिख पत्रकार एसोसिएशन, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, कीरती सभा, ऑल इंडिया किसान सभा आदि संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल थे। उपायुक्त ने ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया कि इस ज्ञापन को हरियाणा सरकार तक पहुंचाया जाएगा तथा जिला प्रशासन पंजाबी भाषा के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। का. स्वर्ण सिंह विर्क ने कहा कि मातृभाषा दिवस पर हमें अपनी मातृभाषाओं की स्थिति पर चर्चा करनी चाहिए और जहां भी हमें अपनी मातृभाषा की कमी महसूस होती है, उसे पूरा करवाने के लिए सरकार को इस मामले से अवगत करवाना चाहिए। आज हम अपनी मातृभाषा पंजाबी के खिलाफ हो रहे अन्याय का विरोध करने के लिए डीसी कार्यालय में एकत्र हुए हैं तथा डीसी सिरसा के माध्यम से हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेजा गया है, ताकि पंजाबी भाषा को हरियाणा में उचित दर्जा दिलाया जा सके। इस अवसर पर प्रो. गुरचरण सिंह सिरसा ने कहा कि हरियाणा सरकार को पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा देना चाहिए तथा पंजाबी बहुल्य क्षेत्रों में पहली से आठवीं कक्षा तक पंजाबी को शिक्षा का माध्यम बनाया जाना चाहिए।



सिरसा। जाबी संगठनों के प्रतिनिधि पंजाबी मातृभाषा के पक्ष में लघु सचिवालय के समक्ष सांकेतिक धरना देते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर वामपंथी विचारक का. स्वर्ण सिंह विर्क, श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार सभा के अध्यक्ष जत्थेदार सुखविंद्र सिंह खालसा, वरिष्ठ पत्रकार करनैल सिंह, डॉ. हरविंद्र सिंह सिरसा, डॉ. बलवीर सिंह, मलिक सिंह भावदीन, जरनैल सिंह बराड़ एडवोकेट, मा. बूटा सिंह, डॉ. सिकंदर सिंह सिद्धू, सुखदेव सिंह कंगनपुर, भूपेंद्र पन्नीवालिया, दलजीत सिंह सरां सहित अनेक पंजाबी हितैषी मौजूद थे।



सिरसा। नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी गोविल सिसोदिया को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद।

## गोविल सिसोदिया बने मीडिया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने कुंवर गोविल सिसोदिया को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा हरियाणा प्रदेश का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी गोविल सिसोदिया ने कहा कि यह गौरव की बात है कि मुझे एक ऐसे संगठन में कार्य करने का अवसर मिल रहा है जोकि भारत के क्षत्रियों का 127 वर्ष पुराना सामाजिक संगठन है जिसकी स्थापना स्वर्गीय महाराजा बलवंत सिंह जी अवागढ़ ने 1897 में की थी। जिसे तब से विभिन्न राजाओं और महाराजाओं द्वारा संरक्षण प्राप्त है। सिसोदिया ने उन्हें महासभा हरियाणा का मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर व प्रदेशाध्यक्ष छगन सिंह राठौड़ सहित महासभा की राष्ट्रीय स्क्रीनिंग कमेटी का आभार व्यक्त किया। सिसोदिया ने कहा कि वे इस महासंगठन में कर्तव्यनिष्ठा, लगन एवं समपर्ण भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

## पुलिस ने हुडा सेक्टर में चोरी के दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने हुडा सेक्टर में निर्माणाधीन कोठी से बिजली की तारें चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए युवक की पहचान कृष्ण पुत्र ओमप्रकाश निवासी गढ़ी मोहल्ला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी उमेश पुत्र रमेश निवासी कालीदास कालोनी फतेहाबाद को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई औमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 30 जनवरी को डीएसी रोड निवासी जुगल किशोर की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह हुडा सेक्टर में कोठी बना रहा है जिसमें बिजली की फिटिंग हो चुकी है। रात को अज्ञात चोर उसकी कोठी में घुस गए और वहां से बिजली की तारें चोरी कर ले गए है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एचसी मनदीप कुमार ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## अनाज मंडी में चलाया गया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

अनाज मंडी में पिछले काफी समय से पड़े हुए धान के भूसे व कचरे के ढेर को आज मार्केट कमेटी के सचिव राजकुमार के निर्देशों पर विशेष सफाई अभियान शुरू करके उठाया गया। पिछले कई दिनों से मार्केट कमेटी के सचिव राजकुमार को शिकायतें मिल रही थी कि अनाज मंडी क्षेत्र में काफी दिनों से सफाई कर्मचारी द्वारा उचित ढंग से सफाई नहीं की जा रही और जगह-जगह कचरा के ढेर लगे हुए हैं। साथ ही धान का जो भूसा बचा हुआ था, वह भी काफी पड़ा हुआ है जिसके बाद मार्केट कमेटी के सचिव ने कचरे के ढेर उठाने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। आज सचिव के निर्देशों के बाद सफाई कर्मचारियों ने अनाज मंडी में पड़े हुए कचरे के ढेर के अलावा धान के भूसे के ढेर को उठाना शुरू कर दिया और कई ट्रैक्टर ट्राली कचरे को निकालकर बाहर डंपिंग पॉइंट पर लेकर गए।



■ अनाज मंडी में पड़े हुए कचरे के ढेर व धान के भूसे के ढेर को उठाना किया शुरू

### दो दिवसीय महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव शुरू

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में दो दिवसीय महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव की शुरुआत की गई। इस उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। विज्ञान भैरव तंत्र पर आधारित ध्यानोत्सव में साधकों को ध्यान की कई सरल विधियों से भी रूबरू करवाया गया। स्वामी संजय ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में दो दिवसीय ध्यानोत्सव का आयोजन किया गया है। यह उत्सव 23 फरवरी को रात्रि तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि शिविर को विभिन्न सत्रों में बांटा गया है। अलग-अलग सत्र में विज्ञान भैरव तंत्र का महत्व, ध्यान की विधियां एवं अपने भीतर गहरे उतरने की अनुभूति से संबंधित उपायों पर चर्चा की गई।

## आज के दौर में लगातार करने चाहिए संघर्ष : चंचल

■ जनवादी लेखक संघ का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन जाट धर्मशाला में शुरु

■ हरियाणा भर से आए बुद्धिजीवी करेंगे राज्य सम्मेलन में विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जनवादी लेखक हरियाणा की राज्य संचालन समिति के आह्वान पर जाट धर्मशाला में जनवादी लेखक संघ का आठवां दो दिवसीय राज्य सम्मेलन का उद्घाटन शनिवार को प्रातः किया गया जिसमें खुले सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार इकबाल सिंह व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रोशन लाल और संचालन सरदानंद राजली, मास्टर रोहतास और मंगतराम शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया। हरियाणा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में सैंकड़ों लेखक, कवि, पत्रकार, साहित्यकार, समाजसेवी, विद्वान और विभिन्न प्रगतिशील जन संगठनों, समितियां और मंच के सदस्य शामिल हुए। सत्र के बाद दो दिन विचार-विमर्श करेंगे और जलेस हरियाणा की नई राज्य कमेटी का चुनाव करेंगे। जलेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंचल चौहान ने बताया कि 1982 में जलेस का गठन किया गया था उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन के द्वारा हमने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की परंतु सामाजिक गुलामी बनी ही रही। बिना संघर्षों के समाज आगे नहीं बढ़ता। इसलिए आज के दौर में भी हमें लगातार संघर्ष करने चाहिए। राष्ट्रीय महासचिव संजीव कुमार ने कहा कि आज का समय बहुत चुनौती भरा समय है। आज एक तरह से अघोषित आपातकाल चल रहा है जिसमें सभी संविधान प्रदत्त अधिकारों का स्थगन है।



हिसार। जनवादी लेखक संघ के सम्मेलन को संबोधित करते अतिथिगण व उपस्थित सदस्य।

## दोस्त ने किया गाड़ी पर कब्जा न गाड़ी लौटाई, न दिया किराया

■ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर की दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भूना के एक युवक के साथ उसके ही दोस्त द्वारा विश्वासघात कर किराये के नाम पर उसकी गाड़ी पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। इस मामले में भूना पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर केस दर्ज किया है। भूना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 12, भूना निवासी अमित कुमार ने कहा है कि वह दिल्ली में टैक्सी चलाने का काम करता था। वहां उसके साथ राहुल निवासी गाजियाबाद भी अपनी टैक्सी चलाता था। इस पर दोनों में जान पहचान हो गई और दोनों एक-दूसरे के घर आते जाते थे। करीब 6 महीने पहले राहुल उसके घर आया था और कहने लगा कि उसने अपनी गाड़ी बेच दी है। वह अपनी गाड़ी उसे किराये पर दे दे तो वह उसे 25 हजार रुपये महीने के हिसाब से किराया दे दूंगा। राहुल पर विश्वास करके उसने अपनी गाड़ी राहुल को दे दी। एक बार राहुल ने उसे 10 हजार रुपये दिए लेकिन उसके 5 महीने बाद भी न तो राहुल ने उसे कोई किराया दिया और न ही उसकी गाड़ी वापस लौटाई है। जब वह राहुल को फोन कर गाड़ी व किराया मांगता है तो वह उसे जान से मारने की धमकी देता है। इस पर पीड़ित युवक ने भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्वामी दयानन्द सरस्वती की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय के इतिहास विभाग के सौजन्य से स्वामी दयानन्द सरस्वती की जयंती मनाई गई। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने छात्राओं को स्वामी दयानन्द की विचारधाराओं से अवगत कराया। छात्राओं ने स्वामी दयानन्द के जीवन, उनके उद्देश्यों के बारे में अपने विचारों को अभिव्यक्त किया। इतिहास विभाग की प्राध्यापिकाएं अनीता, ज्योति पूनम व सुनीता ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से उनके जीवन संघर्ष व हिन्दी को सर्वप्रथम राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिया जाने में किए गए प्रयास को बताया। छात्राओं को उनके परिवारिक जीवन, सत्य की खोज और भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में किए गए अमूल्य योगदान के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।



हिसार। स्वामी दयानन्द सरस्वती की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

### राजकीय स्कूल के वार्षिक समारोह आयोजित



**मंडी आदमपुर।** बोगा मंडी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला मंडी आदमपुर में वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदीप बेनीवाल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का प्रोग्राम करने वाला यह पहला सरकारी विद्यालय है। इस तरह के प्रोग्राम सभी विद्यालय में होने चाहिए ताकि बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सके और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के ज्यादा से ज्यादा मौके मिल सके। लगभग 100 बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रोग्राम के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में खंडस्तरीय तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभाओं का लोहा बनाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।



हांसी। योग शिविर में योगाभ्यास करती स्कूली छात्राएं।

## सुभाष तायल पब्लिक स्कूल में योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सुभाष तायल पब्लिक स्कूल में शनिवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों व अध्यापिकाओं को योगाभ्यास करवाया गया। योग शिविर के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को योग के प्रति जागरूक करना था। योग शिविर में राष्ट्रीय पदक विजेता व आयुष विभाग योगाचार्य कुलदीप सोनी ने विद्यार्थियों व स्कूल अध्यापिकाओं को योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। शिविर में योगाचार्य कुलदीप सोनी ने विद्यार्थियों को विभिन्न आसान और प्राणायाम सिखाएं व उनसे होने वाले लाभ की जानकारी दी। इस अवसर स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में योग के अनेक आसनों को सम्मिलित कर सुंदर प्रस्तुतियां दीं।

प्राचार्या अनीता यादव ने भी योग से होने वाले शारीरिक मानसिक एवं आत्मिक फायदे के बारे में अपने विचार सांझा किए व योग थीम स्वयं और समाज के लिए योग की जानकारी देते हुए कहा कि निरोग रहने का सबसे सहज माध्यम योग है।

**कार्यक्रम** दो दिवसीय राष्ट्रीय सतत पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) कार्यक्रम का समापन

## यूडीएल सभी छात्रों के लिए सीखने का समान अवसर: डॉ. जयप्रकाश

जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ में भारतीय पुनर्वास परिषद ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ में स्थित जननायक चौ. देवीलाल शिक्षण महाविद्यालय में भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित दो दिवसीय राष्ट्रीय सतत पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) कार्यक्रम यूडीएल और समावेशी शिक्षा में इसकी प्रासंगिकता का विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश द्वारा की गई। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. जयप्रकाश ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा में यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग का इस्तेमाल होता है। यूडीएल सभी छात्रों के लिए सीखने का समान अवसर देने का एक तरीका है। यह पाठ्यक्रम विकास के सिद्धांतों का एक समूह है। यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग के जरिए, शैक्षिक बाधाओं को दूर किया जाता है और व्यक्तिगत सीखने को बढ़ावा दिया जाता है। यूडीएल का एक अनिवार्य पहलू पाठ्यक्रम और शिक्षण प्रक्रिया में बाधाओं की पहचान करना और उचित समर्थन डिजाइन करके उन बाधाओं को कम करना या खत्म करना है।

मुख्य अतिथि डॉ. रोहताश ने कहा कि समावेशी शिक्षा प्रणाली को डिजाइन करते समय यूडीएल एक महत्वपूर्ण विचार है क्योंकि यह संपूर्ण व्यक्ति दृष्टिकोण और सीखने के अनुकूल वातावरण का समर्थन करता है लेकिन यूडीएल अकेले समावेशी नीति या प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। यूडीएल में एक सफल बॉटम-अप हस्तक्षेप होने की क्षमता है, जो परिवारों और समुदायों द्वारा उचित रूप से समर्थित होने पर पारंपरिक शिक्षा प्रणालियों याद करने पर केंद्रित से समावेशी शिक्षा प्रणालियों सीखने के लिए सीखना में बदलाव को सक्रिय करता है। समारोह के अंत में कार्यक्रम के सह-समन्वयक डॉ. राजेंद्र कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।



सिरसा। सीआरई कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विद्यापीठ के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, डॉ. विरेंद्र सिंह, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. हरलीन कौर, डॉ. शिखा गोयल, रिसोर्सपर्सन राजपवन, डॉ. सुशील कुमार, मदनलाल, अनुराधा, लवलीन शर्मा, शिक्षण महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सतनारायण, डॉ. सुषमा रानी, डॉ. कंवलजीत कौर, डॉ. निशा, बलविंद्र कुमार, शालिनी, कुलदीप गोदारा, सुरज कुमार सहित सभी प्रतिभागी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कार चोरी में संलिप्त दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने जांच के दौरान कीर्ति नगर क्षेत्र से चोरी हुई कार के मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान हरप्रीत सिंह पुत्र इकबाल सिंह निवासी सुखचैन हाल कालांवाली जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस घटना के एक अन्य आरोपी अजय उर्फ सोनू पुत्र भूषण निवासी कालांवाली को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर चोरीशुदा कार बरामद कर ली थी।

### सोलर पंप के कंट्रोलर पर किया हाथ साफ

**सिरसा।** जिला के गांव जोधपुरिया में एक किसान के खेतों से चोर सोलर पंप का कंट्रोलर चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में खेत मालिक महेंद्र ने बताया कि उसने अपने खेतों में सिंचाई के लिए सोलर सिस्टम लगाया हुआ है। बीती 20 फरवरी की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात को चोरों ने खेतों में घुसकर सोलर पंप का कंट्रोलर चोरी कर लिया। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे इस घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के किसानों से भी पूछताछ की, लेकिन चोरी का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### सार्वजनिक स्थल पर झगड़ा करते चार युवक गिरफ्तार

**रानियां।** पुलिस ने गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थल पर शांति भंग करने के मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार के अनुसार पुलिस टीम करी वाला बस स्टैंड से गांव बणी की तरफ गश्त कर रही थी। बताया जा रहा है कि खालासा धर्मकांटा करीवाला के पास पुलिस को चार युवक सडक़ पर आपस में लड़ते हुए मिले। वे धक्का-मुक्की कर रहे थे और सार्वजनिक स्थल पर शांति भंग कर रहे थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चारों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए आरोपियों में गांव करी वाला के गुरविंद्र सिंह, जगदीप सिंह और गुरभेज सिंह शामिल हैं। चौथा आरोपी राहुल है, जो मूल रूप से समस्तीपुर जिले के हरपुर भिंडी का रहने वाला है और फिलहाल करीवाला में रह रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ थाना रानियां में बीएनएस की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### सलारपुर में खेतों से हजारों की केबल चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव सलारपुर में एक किसान के खेतों से चोर हजारों रुपए की ट्यूबवेल की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में रिंकू कुमार ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसने बताया कि सिंचाई के लिए खेतों में उसने ट्यूबवेल लगाया हुआ है। बीती 16 फरवरी की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात को चोरों ने टयूबवेल से 48 फुट केबल चोरी कर ली। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे इस घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर काफी पूछताछ की लेकिन केबल का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया।

### बाइक सवार दो युवक 8.10 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने डिंग मंडी क्षेत्र से बाइक सवार दो युवकों को 8 ग्राम 10 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए। उक्त बाइक सवारों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त बाइक सवार दोनों युवकों को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्जा से हजारों रुपए की 8 ग्राम 10 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान राकेश कुमार व सोनू के रूप में हुई है।

## अधिकारों को लेकर महिलाओं में जागरूकता जरूरी

# स्त्री-पुरुष समानता में नागरिक दायित्व व संस्थाओं की भूमिका पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शनिवार को चौ देवीलाल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में स्त्री-पुरूष समानता में नागरिक दायित्व व शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं और विद्यार्थियों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम कालांवाली सुरेश रावीश ने मुख्य अतिथि और एएसपी उत्तमश्री ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि एसडीएम कालांवाली सुरेश रावीश ने कहा कि महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता और क्रियान्वयन जरूरी है। हमारे संविधान में महिलाओं के उत्थान के लिए कानून बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को बुनियादी बातों के बारे में अवश्य जागरूक करें। इसके अलावा, अभिभावक अपने बच्चों को दूसरों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने, सुरक्षित सीमाओं को समझने और किसी भी अनुचित व्यवहार के बारे में खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित करें। वहीं विशिष्ट अतिथि एएसपी उत्तमश्री ने कहा कि महिलाओं को स्वयं के अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है, भारतीय संविधान में संपत्ति अधिकार, घरेलू हिंसा कानून, और यौन शोषण से बचाव के लिए कानून बनाए गए हैं। पोक्सो एक्ट में बच्चों के साथ यौन अपराध करने वालों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। यदि कार्यस्थल पर कोई उत्पीड़न होता है तो, आंतरिक शिकायत समिति में महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। प्रदेश के हर जिले में आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 लागू है, किसी भी आपात स्थिति में 6 मिनट में पीसीआर मौके पर पहुंचती है। कार्यक्रम में सीडीएलयू के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश बंसल, डॉ. रविंदर पुरी, उप निदेशक डा दर्शना सिंह, सीडीएलयू से युवा कल्याण निदेशक प्रो. मंजू नेहरा, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुदेश, पंचकूला पुलिस से जन संपर्क अधिकारी राजीव रंजन, उर्दू के शायर शम्श तबरेजी आदि ने महिला सशक्तिकरण पर विचार रखें।

### नाटक व पेंटिंग के माध्यम से किया जागरूक

इस अवसर पर हिंदी की विख्यात साहित्यकार डॉ. सविता सिंह वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जुडीं। पंचकूला से शुरूआत समिति संस्था के बच्चों ने जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और वसुंधरा करे पुकार नाटक के माध्यम से जागरूक किया। वहीं चित्रकार राजेंद्र भट्ट, डा. रेणू बारीवाल, डा. मोहन जांगिड़ व डा. किशोर कुमार मीणा ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित पेंटिंग का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एसएचओ बलवान सिंह, दर्शना व अन्य मौजूद रहे।


फतेहाबाद। संस्कृत भारती द्वारा आयोजित संस्कृत सम्भाषण शिविर को संबोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो :हरिभूमि

## 10 दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

संस्कृत भारती हरियाणा के तत्वाधान में एमएम कॉलेज में फतेहाबाद में 10 दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। इस शिविर में 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इय शिविर का आयोजन संस्कृत भाषा के व्यावहारिक ज्ञान और संवाद कौशल को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। शिविर की संयोजिका डॉ. रवीना, जो एमएम कॉलेज फतेहाबाद में शिक्षिका हैं, ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से न केवल संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार होगा, बल्कि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और उत्साह भी बढ़ेगा। यह शिविर 1 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें छात्रों को दैनिक रूप से संस्कृत सम्भाषण का अभ्यास कराया जाएगा। आयोजन के पहले दिन छात्रों के उत्साह और सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बना दिया। संस्कृत भारती हरियाणा के हिसार विभाग संघटन मंत्री नवीन कौशल इस संस्कृत सम्भाषण का संचालन कर रहे हैं। नवीन कौशल ने कहा कि संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। संस्कृत में ही भारतीय चेतना, संस्कृति, इतिहास, दर्शन और अध्यात्म सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि युवा इस प्राचीन भाषा के महत्व को समझें।




### अब 24 घंटे खुला रहेगा जिला पुस्तकालय

**फतेहाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा की प्राचार्या एवं नियंत्रण अधिकारी डॉ. लखबीर कौर ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशक हरियाणा के आदेशों की अनुपालना में जिला पुस्तकालय फतेहाबाद अब 24 घंटे खुला रहेगा। जनहित में लिए गए इस निर्णय से पुस्तकालय सदस्यों को अब 24 घंटे पुस्तकालय सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने आम जनता से निजी पुस्तकालयों में जाने की बजाय सरकारी पुस्तकालय का उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि जिला पुस्तकालय फतेहाबाद हाई-स्पीड वाईफाई, 20 हजार पुस्तकों के समृद्ध संग्रह, समाचार पत्र, कम्पटीशन सक्सेस रिव्यु जैसी पत्रिकाओं से सुसज्जित है।

# महिला महाविद्यालय में संस्कृत शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। महिला कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में संस्कृत भारती हरियाणा द्वारा आयोजित संस्कृत शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने संस्कृत भाषा के महत्व को उजागर करते हुए छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया। मुख्य अतिथि डॉ. सीमा रानी ने अपने संबोधन में संस्कृत को वैज्ञानिक भाषा बताते हुए इसकी उपयोगिता को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल धार्मिक या पारंपरिक भाषा नहीं, बल्कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक की आधारशिला भी है तथा कहा यदि भारत को पुनः विश्वगुरु की प्राप्ति के लिये भी संस्कृत आवश्यक है।। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर ने की। उन्होंने संस्कृत के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल देते हुए छात्राओं को इस प्राचीन भाषा को अपनाने और इसके अध्ययन हेतु प्रेरित किया। मुख्य वक्ता नवीन कौशल ने अपने विचार रखते हुए छात्रों को संस्कृत भाषा के प्रति प्रेरित किया और इसके विविध पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि संस्कृत केवल साहित्य और दर्शन तक सीमित नहीं, बल्कि यह गणित, चिकित्सा, खगोल विज्ञान और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग जैसी आधुनिक शाखाओं में भी उपयोगी है।

# मंदिर का शिलान्यास समारोह : श्री श्याम संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

■ भजन गायक पलविंद्र पलक सहित अन्य ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। श्री श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट रतिया द्वारा श्री श्याम मंदिर शिलान्यास समारोह के उपलक्ष्य में भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन श्रीकृष्ण गौशाला व एक्सचेंज रोड स्थित निर्माणाधीन श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में गत रात्रि को किया गया। संकीर्तन में फतेहाबाद से भजन गायक पलविंद्र पलक, बुढलाडा से दीपक जैन, सोनीपत से मयंक अग्रवाल ने म्युजिकल ग्रुप के समधुर संगीत के साथ एक से बढक़र एक भक्ति से ओतप्रोत भजनों 'ऐसा तो दरबार नहीं देखा, पल में बदल दे किस्मत की रेखा, खाटू वाले ने पकड़ा है जब से मेरा हाथ, बाबा आ जा तुझे दिल ने पुकारा' प्रस्तुत कर अपने भावों से बाबा श्याम को रिझाया और श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। ट्रस्ट की ओर से पंडाल को बहुत सुंदर सजाया गया। श्याम बाबा का भव्य दरबार व अलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। शनिवार सुबह 2 बजे आरती व प्रसाद वितरण के साथ बड़े हर्षोल्लास भरे माहौल में संकीर्तन का समापन हुआ। अंत में ट्रस्ट के प्रधान राजकुमार सिंगला ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यातिथियों एवं कलाकारों को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस संकीर्तन की कामयाबी में शहर की अनेकों धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का का विशेष योगदान रहा।



### होली उत्सव : आज बिरज मे होली रे रसिया पर नाचे श्यामभक्त

**फतेहाबाद।** शीश के दानी महिला मंडल द्वारा होली उत्सव लाजपत नगर मीनू सेठी के निवास स्थान पर हुआ। सेठी परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके पश्चात गणेश वंदना व गुरु वंदना से भारत टुटेजा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। टी-सीरीज कलाकार भारत टुटेजा ने भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। 'आज बिरज में होली रे रसिया, होली खेलनी आज तेरे नाल वृंदावन रहने वाले, काला काला करे गुजरी मत काले का जिक्र करें की मैं नचना श्याम दे नाल' आदि सुंदर-सुंदर भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। होली उत्सव में रंग रंग होली वह फूल होली का सभी ने आनंद लिया।

# मॉडल स्कूल में हुई सीबीएसई की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना


परीक्षा केंद्र राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अपना रोल नंबर देखते हुए

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना में शनिवार को सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं कॉमर्स संकाय की बिजनेस स्टडीज परीक्षा हुई। 37 परीक्षार्थियों ने इसमें भाग लिया। पहली बार इस स्कूल को सीबीएसई परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण और सख्त अनुशासन में हुई। परीक्षा केंद्र अधीक्षक और प्रिंसिपल नरेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों को सुबह 10 बजे तक ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चली। 10 बजे के बाद किसी को भी प्रवेश नहीं मिला। उन्होंने छात्रों को प्रश्नपत्र हल करने से पहले निर्देश ध्यान से पढने की सलाह दी। परीक्षा केंद्र के ऑब्जर्वर मनोज बाबू ने बताया कि कड़ी जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया। सभी नियमों का सख्ती से पालन हुआ। एडमिट कार्ड के साथ स्कूल आईडी अनिवार्य रही। निजी परीक्षार्थियों के लिए सरकारी फोटो पहचान पत्र जरूरी था।

# 12वीं कक्षा की छात्राओं को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सेठ सागरमल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। छात्राओं ने गीत, कविता फैशन शो, नृत्य संगीत को बड़े सुंदर रूप से प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यालय में बिताए हुए पलों, अनुभवों को सांझा करते हुए सबको भावुक कर दिया। 12वीं कॉमर्स की छात्रा मनजीत कौर को मिस जैन स्कूल और 12वीं आट्र्स की छात्रा प्रिया को स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुना गया। स्कूल प्रधानाचार्या रेणुबाला ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कड़ी मेहनत व लगन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मक्खन लाल गोयल, प्रबंधक हनुमानमल गुजरानी, ट्रस्टी देवेंद्र डागा ने सभी छात्राओं को उपहार के साथ-साथ पुरस्कार स्वरूप नकद राशि देकर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम** कुपोषण मुक्त अभियान के अंतर्गत महिलाओं को किया गया जागरूक

# 24 मई तक चलाया जाएगा कुपोषण मुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



फतेहाबाद। टोहाना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं।

सुपरवाइजर करमजीत कौर ने महिलाओं को कुपोषण मुक्त अभियान के अंतर्गत जागरूक करते हुए कहा कि पौष्टिक आहार स्वस्थ शरीर के लिए बहुत जरूरी है। शनिवार को सुपरवाइजर करमजीत कौर ने कुपोषण मुक्त अभियान के तहत टोहाना में वार्ड 18 के आंगन बाड़ी कम क्रेच सेंटर पर कम्युनिटी आधारित प्रोग्राम के दौरान कुपोषण मुक्त अभियान का संदेश दिया। करमजीत कौर ने बताया कि गर्भवती महिलाओं, लड़कियों व बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए कुपोषण मुक्त अभियान 20 फरवरी से 24 मई तक चलाया जाएगा। कुपोषण मुक्त अभियान के अंतर्गत ब्लॉक टोहाना के सभी गांव में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त अभियान का मुख्य लक्ष्य पौष्टिक आहार के बारे में जन-जन को अवगत करवाना है। कुपोषण हमें अनेक बीमारियों का शिकार बना लेता है जिससे मनुष्य को सामान्य जीवन जीने में अनेक परेशानी आती हैं। उन्होंने कहा कि आहार से संबंधित बरती गई थोड़ी सी लापरवाही से शरीर में अनके प्रकार की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही अपना सुखी जीवन व्यक्ति कर सकता है। हमें अपने आहार में सभी प्रकार के पौष्टिक तत्वों को शामिल करना चाहिए ताकि हमारा स्वस्थ शरीर रह सके।

उन्होंने कम्युनिटी आधारित आयोजित किए गए प्रोग्राम में संतुलित आहार व हेल्थी डाइट के बारे में गर्भवती, धात्री महिलाओं व किशोरियों को फायदे के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पर्याप्त मात्रा में दाल, हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध व दूध से बने उत्पादों का सेवन भी जरूर करना चाहिए। कार्यक्रम में गर्भवती महिला की गोद भराई व उपस्थित सभी महिलाओं को पोष्टिक आहार लेने की शपथ भी दिलाई गई।

### आर्य समाज का ऋग्वेद पारायण यज्ञ 23 से

**फतेहाबाद।** आर्य समाज के स्थापना दिवस के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज फतेहाबाद द्वारा ऋग्वेद पारायण यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 23 से 26 फरवरी तक सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन में ऋग्वेद पारायण यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरूण ग्रोवर आर्य व सचिव डॉ. राजवीर शास्त्री ने बताया कि 23 फरवरी रविवार को यज्ञ हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 23 से 25 फरवरी तक प्रतिदिन सांय 3 बजे से 7 बजे तक यज्ञ हवन एवं प्रवचन होंगे। इस यज्ञ के ब्रह्मा वैदिक विद्वान आचार्य पवनवीर, प्रबंधक आदर्श गुरूकुल दूधली खतौली, मुज्जफरनगर, यूपी होंगे। यज्ञ में ब्रह्मा पुरोहित दीपक शास्त्री वैदिक मंत्रोच्चारण करेंगे।

15 मार्च से जिले की तीन मंडियों फतेहाबाद, भूना व भट्टू अनाज मंडी में होगी खरीद

# हैफेड और वेयर हाऊस करेंगी सरसों की सरकारी खरीद, 5950 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा भाव

एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने से किसानों को फायदा मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार सरसों की सरकारी खरीद हैफेड व हरियाणा वेयर हाऊस के माध्यम से करेगी। फतेहाबाद की भट्टूकलां, भूना व फतेहाबाद अनाज मण्डी में 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी।

हैफेड व वेयर हाऊस द्वारा सरसों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदेगी। प्रदेश सरकार द्वारा सरसों की फसल को एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने से किसानों को फायदा मिलेगा। वैसे अब तक तो सरसों का मार्केट भाव एमएसपी के करीब है, लेकिन जब सरसों की फसल मार्केट में आएगी। उसके बाद मार्केट भाव कम होना शुरू हो जाता है। ऐसे में सरकार ने फतेहाबाद जिले में तीन अनाज मंडी सरसों की खरीद के लिए तय करते हुए मंडी के सचिवों को खरीद के लिए उचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। ये अनाज मंडी फतेहाबाद के साथ भट्टूकलां व भूना है। जिले में इस बार सरसों की करीब 38 हजार एकड़ में सरसों की खेती की गई थी। जिसमें से करीब 8 हजार किसानों 30 हजार एकड़ में सरसों की फसल का पंजीकरण करवाया। अब जिन किसानों ने पंजीकरण करवाया था, उन किसानों की फसल को ही एमएसपी पर खरीद होगी।


फतेहाबाद। अनाज मण्डी का दृश्य।

## सात वर्षों से हो रही सरसों की सरकारी खरीद

कृषि विभाग के अधिकारी बताते है कि जब से पिछले सात वर्षों से सरसों की सरकारी खरीद चल रही है। इससे जिले में सरसों का रकबा बढ़ा है। एक बार जिले में सरसों का रकबा 20 हजार एकड़ से कम हो गया था, लेकिन अब फिर से बढक़र 38 हजार एकड़ तक पहुंच गया। सरसों का रकबा बढऩे से किसान को तो फायदा मिला ही है। किसान सरसों के खेत में अगेती कपास व नरमे की बिजाई करके अच्छण मुनाफा कमा सकता है।

### दोगुना से अधिक हुआ एमएसपी

केंद्र सरकार ने सरसों का एमएसपी अब 5950 रुपये निर्धारित की हुई है। अब सरकार इस पर खरीद भी रही है। वर्ष 2015 में सरसों पर एमएसपी 3050 रुपये थी, लेकिन उस दौरान सरसों की सरकारी खरीद न होने के कारण किसान को मंडी में भाव 2500 रुपये तक ही मिलता था। लेकिन अब किसान को सरकारी खरीद होने पर पूरा भाव मिल रहा है। इससे किसानों को बड़े स्तर पर फायदा मिल रहा। सरसों की फसल प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल होने पर किसान को प्रति एकड़ 50 से 60 हजार तक पैदा हो जाती है। सरसों की खेती पर खर्च 15 हजार रुपये तक होता है।

**दो वर्षों में खरीद (क्विंटल में)**

| अनाज मंडी | वर्ष (2024) | वर्ष (2023) |
|---|---|---|
| फतेहाबाद | 30263 | 38302 |
| भट्टूकलां | 157826 | 75160 |
| भूना | 62520 | 31257 |
| टोहाना | 757 | 1649 |
| कुल | 251268 | 146234 |

| वर्ष | एमएसपी |
|---|---|
| 2015 | 3050 |
| 2023 | 5450 |
| 2024 | 5650 |
| 2025 | 5950 |

गेहूं खरीद के लिए नई पॉलिसी

## ठेकेदार 48 घंटे में उठान नहीं करता तो 5,000 प्रति ट्रक लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गेहूं अभी खेतों में हरी खड़ी है। प्रदेश में बैसाखी के बाद गेहूं की आवक शुरू होती है लेकिन गेहूं की खरीद के लिए प्रदेश सरकार ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार ने गेहूं खरीद के लिए 417 मंडियां व खरीद केंद्र निर्धारित किए हैं। साथ ही मंडी लेबर कान्ट्रेक्टर व मंडी ट्रांसपोर्ट कान्ट्रेक्टर पालिसी भी जारी कर दी है। इस पॉलिसी में कई बदलाव किए गए हैं। निदेशालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जारी की गई नई पालिसी में नई शर्तें लागू की गई हैं, जिसके तहत इस बार मंडियों से गेहूं की लिफ्टिंग का टेंडर लेने वाले ठेकेदार के पास 30 प्रतिशत ट्रक खुद के होने चाहिए अन्यथा उसे टेंडर नहीं मिलेगा। यही नहीं, समय पर लिफ्टिंग नहीं होने पर लगने वाली जुर्माना राशि भी प्रति ट्रक 500 रुपये से बढ़ाकर पांच हजार रुपये कर दी गई है। लिफ्टिंग का टेंडर लेने वाली फर्म यदि खरीद के 48 घंटे बाद भी उठान नहीं करती तो प्रति ट्रक पांच हजार रुपये जुर्माना लगेगा। एक लिफ्टिंग एजेंसी एक जिले में तीन से अधिक मंडियों से गेहूं उठान का टेंडर नहीं ले सकती। प्राप्त जानकारी के अनुसार गेहूं की खरीद के लिए सरकार द्वारा जारी नई पालिसी में लिफ्टिंग एजेंसी के पास 30 फीसदी ट्रक अपने होने जरूरी है, यदि एजेंसी के पास 30 फीसदी ट्रक अपने नहीं है तो उसे प्रति ट्रक 1 लाख 25 हजार रुपये जमा करवाने होंगे। इसमें से काम पूरा होने के बाद प्रति ट्रक 75 हजार रुपये एजेंसी को विभाग वापस देगा, जबकि 50 हजार रुपये नान रिफंडेबल है।

## बाबा राणाधीर मंदिर में एक मार्च को लगेगा मेला

**भूना।** बाबा राणाधीर मंदिर परिसर में एक मार्च को अर्धवार्षिक मेले का आयोजन होगा। मंदिर में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। बाबा राणाधीर जी सेवा समिति के प्रधान ओमप्रकाश और सचिव अनिल सोनी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी देशभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। मंदिर प्रबंधन कमेटी ने सुरक्षा और व्यवस्था के लिए विशेष योजना बनाई है। परिसर में जेबकतरों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। वालंटियर टीम भी सक्रिय रहेगी। मध्य प्रदेश के कारीगर मंदिर को दुल्हन की तरह सजा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## रोड़ी बाजार में बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**सिरसा।** बिजली निगम की ओर से शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली सुधारीकरण की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है और इसलिए शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। बिजली निगम के इंडस्ट्रियल एरिया के एसडीओ विरेंद्र सिंह व जूनियर इंजीनियर विरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि कल शहर के रोड़ी बाजार व समीपस्थ क्षेत्रों में बिजली की नई तारें बिछाई जाएंगी व पुराने खंभे बदले जाएंगे। इसलिए रविवार सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक रोड़ी बाजार के साथ-साथ फैशन कैंप वाली गली, गीता भवन वाली गली, लक्ष्मणदास अरोड़ावाली गली, पीएनबी वाली गली, मथुरादास वाली गली में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

## युवक पर ईंटों से बोला हमला, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** शहर के कीर्ति नगर में शादी को लेकर चल रहे घड़ौली के कार्यक्रम में लाग को लेकर हुए विवाद में कुछ युवकों ने एक युवक पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे अग्रोहा रेफर कर दिया गया है। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मुकाम मेले के लिए जाने वाली स्पेशल ट्रेन रद

**सिरसा।** सिरसा से मुकाम मेले के लिए जाने वाली स्पैशल ट्रैन इस बार प्रशासन द्वारा कठोर शर्तें लगाने के कारण रद्द कर दी गई है। श्री बिश्नोई सभा सिरसा के सचिव ओपी बिश्नोई ने बताया कि मुकाम मेलों के लिए स्पैशल गाडरूी सिरसा से नोखा व वापिस सिरसा के लिए चलाई जाती थी, जिसे दोनों मेलों पर प्रशासन द्वारा मंजूर कर दिया जाता था, लेकिन इस मेले पर गाड़ी मंजूर करने पर ऐसी कठिन शर्तें लगा दी गई है, जो सभा द्वारा किसी भी स्थिति में पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि यह बिश्नोई समाज के साथ घोर अन्याय है।

# पंजाबी हस्तलिखित प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम

■ राजकीय नेशनल महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी विषय परिषद की ओर से पंजाबी हस्तलिखित प्रतियोगिता आयोजित की गई। पंजाबी विषय परिषद प्रभारी डॉ. हरविंद्र कौर एवं सहप्रभारी डॉ. लखवीर सिंह के संयोजन में आयोजित हुए इस आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह एवं पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ. हरविंदर सिंह ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. हरविंद्र सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इतिहास, महत्व एवं इसकी उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बांग्ला भाषिक आंदोलन के दौरान 21 फरवरी 1952 को मातृ भाषा समर्थकों की हुई शहादत के सम्मानस्वरूप 1999 में इस दिन को यूनेस्को द्वारा अंतराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के तौर पर मान्यता प्रदान की गई। इस उपरांत आयोजित पंजाबी हस्तलिखित प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम, पूनम रानी ने द्वितीयद्व रमनप्रीत कौर एवं सिमरन ने तृतीय पुरस्कार अर्जित किया। कुलविंद्र कौर व ख्वाहिश हांडा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. लखवीर सिंह व डॉ. अमनदीप कौर ने निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कवि पद्मश्री डॉ. सुरजीत पातर के साथ डॉ. हरविंद्र सिंह द्वारा पंजाबी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति से संबंधित की गई मुलाकात की वीडियो रिकॉर्डिंग भी प्रदर्शित की गई।


सिरसा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य।

# सीबीएसई की परीक्षाओं के लिए विशेष प्रबंध, केंद्रों के समीप धारा 163 लागू

■ परीक्षाओं को सुचारू रूप के संपन्न करने के लिए आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं को सुचारू, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधीश एवं उपायुक्त मनदीप कौर द्वारा सख्त दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इस संदर्भ में परीक्षा केंद्रों के आसपास भारतीय दंड संहिता की धारा 163 के तहत आवश्यक प्रतिबंध लागू किए गए हैं। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में विशेष पाबंदियां लगाते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसमें परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की नकल सामग्री के वितरण को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों के निकट स्थित फोटोस्टेट की दुकानों को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के पास अनधिकृत वाहनों की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। इससे परीक्षार्थियों को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति बनी रहे। परीक्षा के दौरान नकल को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की सार्वजनिक वाई-फाई सेवा को निष्क्रिय रखने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा केंद्रों के बाहर किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्रित करने पर प्रतिबंध रहेगा। अनाधिकृत रूप से पाँच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधीश ने बताया कि जारी आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं अन्य विधिक प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर-ट्राली ने कार में मारी टक्कर, कार चालक की मौत

**फतेहाबाद।** गांव बीघड़ के समीप एक तेजगति ट्रैक्टर-ट्राली ने कार में टक्कर दे मारी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर फतेहाबाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बनगांव निवासी शमशेर कुमार ने कहा है कि वह धांगड़ कॉलेज में सुरक्षा गार्ड लगा हुआ है। गत दिवस वह अपने ताऊ के लडक़े राजीव पुत्र रामजी लाल निवासी बनगांव के साथ शादी में फतेहाबाद आए हुए थे। रात को राजीव अपनी कार में सवार होकर फतेहाबाद से वापस गांव जा रहा था जबकि वह अपने मोटरसाइकिल पर उसके पीछे-पीछे जा रहा था। जैसे ही वह गांव बीघड़ से भोडिय़ा रोड पर पहुंचे तो सामने से आ रही एक ट्रैक्टर का चालक ट्रैक्टर को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए जोरदार टक्कर दे मारी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया। शमशेर ने बताया कि उसने गंभीर रूप से घायल राजीव को कार से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया।

# संकल्प से पूरा हो सकता है नशामुक्त भारत का सपनाः डीएसपी बल्हारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऐलनाबाद के डीएसपी संदीप बल्हारा ने कहा कि संकल्प शक्ति से ही भारत को नशामुक्त किए जाने का सपना पूरा किया जा सकता है। वे गांव खारियां में ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने ब्रह्मकुमारी परिवार की ओर से अपने स्तर पर नशामुक्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। संदीप बलहारा ने कहा कि यदि हम आज यह दृढ़ संकल्प कर लें कि न हम नशा करेंगे और न ही हम किसी को नशा बेचने देंगे तो काफी हद तक इस समस्या का समाधान होगा। कार्यक्रम में गांव खारियां के अलावा फतेहपुरिया, बनसुधार, कर्मगढ़, मेहनाखेड़ा व झोरडऩाली आदि गांवों के सरपंच भी मौजूद थे। सिरसा की राजयोगिनी बी.के बिंदु ने कहा कि नशा करना है तो ईश्वरीय प्रेम का नशा करो। यही एक नशा है जिसमें सुख ही सुख है बाकी सब नशे हमें दुख देने वाले हैं। मंच संचालन रामनिवास ने ने किया।


सिरसा। ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में संबोधित करते हुए डीएसपी।

## निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत का तृतीय चरण का शुभारंभ आज

**सिरसा।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने के लिए प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में यमुना नदी के छठ घाट, आईटीओ, दिल्ली पर किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढिय़ों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। टोहाना जोन के जोनल इंचार्ज रमन नागपाल ने सिरसा में बताया कि प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत टोहाना जोन के 25 स्थानों पर कल 23 फरवरी रविवार को प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक सरकारी हॉस्पिटल, डिस्पेंसरी, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थल, जलाशय, तालाबों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सिरसा, डबवाली चौटाला, रानियां, ऐलनाबाद, बप्पां, पंजुआना, नेजाडेला कलां समेत कई अन्य स्थानों के हजारों निरंकारी भक्त और सेवादल सदस्य अपने निश्चित स्थानों पर एकत्रित हो इन सेवाओं को क्रियान्वित करेंगे।

# दयानंद सरस्वती जयंती पर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीएमके कॉलेज में इतिहास विभाग की ओर से स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्या अंशु उप्पल द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाते हुए व स्वामी दयानंद सरस्वती को फूल अर्पित करके दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी दयानंद सरस्वती, आर्यसमाज व उनकी पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश के महत्त्व से अवगत कराया। साथ ही स्वामीजी के कार्यों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने पर बल दिया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने जाति प्रथा, बाल विवाह व अन्य सामाजिक बुराईयों का विरोध किया। वह शिक्षा सामाजिक सुधार, महिलाओं के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे तथा विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। इस कार्यक्रम में इसी विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू द्वारा भी स्वामी जी के भारतीय इतिहास में योगदान पर प्रकाश डाला गया।


सिरसा। दयानंद सरस्वती जयंती पर रैली निकालते विद्यार्थी।

# केबल तार चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीआईए सिरसा व सदर थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए खेतों से टयूबवेल की केबल तार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो सदस्यों को काबू कर लिया है। सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान योगराज उर्फ योगा पुत्र ज्ञान चंद निवासी झोरडऩाली व रतन लाल पुत्र त्रिलोक चंद निवासी कीर्ति नगर जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि अरनियांवाली निवासी भगत सिंह उर्फ सोना सिंह पुत्र रुड़ा राम की शिकायत पर सदर थाना सिरसा में बीती 26 जनवरी 2025 को गांव रंगड़ी खेड़ा क्षेत्र में हुई टयूबवेल की केबल तार चोरी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने खेतों से केबल तार चोरी की हुई घटनाओं पर कड़ा संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए थे।



## हेरोइन सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान राकेश उर्फ मिठी पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ऑफिसर कालोनी हाल सुंदर नगर टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी एसआई देवीलाल ने बताया कि सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एएसआई सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब दमकौरा रोड पर मुकुल गैस एजेंसी के पास पहुंची तो सामने से मोटरसाइकिल पर एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और बाईक को वापस मोडऩे की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राकेश उर्फ मिठी बताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

कार्यक्रम | आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की मीटिंग, समस्याओं के समाधान की मांग

# एक्सपायरी डेट से कुछ दिन पहले पहुंची सामग्री, वर्करों में डर

■ प्रधान मोनिका रानी ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की मीटिंग प्रधान मोनिका रानी की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर को आने वाली परेशानियों का समाधान करने के लिए हरियाणा सरकार से मांग की गई। साथ ही समस्याओं को हल न होने के कारण पर रोष भी जाहिर किया गया। मीटिंग के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधान मोनिका रानी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लाभ पात्रों के फेस कैप्चर करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है जिसके लिए फेस कैप्चर करने का ओटीपी भी लाभपात्रों के मोबाइल पर ही आता है। गांव में शहर में अधिकतर जरूरतमंद लोगों के पास डिजिटल फोन नहीं है और जिनके पास फोन होते हैं उनके पति या तो काम पर गए होते या मजदूरी पर गए होते हैं जिस कारण ओटीपी लेना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि लाभ पात्र साइबर क्राइम और ठगी के डर से भी ओटीपी नहीं दे रहे हैं जिस कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आंगनबाड़ी में राशन बनाने के लिए जो सामग्री आती है, वह एक्सपायरी डेट से कुछ दिन पहले की ही आती है, जिस कारण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राशन बनाने से डरते हैं लेकिन सीडीपीओ और सुपरवाइजर द्वारा एक्सपायरी डेट नजदीक होने के बावजूद भी सामग्री बांटने का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जो फोन दिए गए हैं वह बहुत ही घटिया क्वालिटी के है और चलते हुए फोन बार-बार हैंग हो जाते हैं जिस कारण वह काम करने में असमर्थ है।


रतिया। रोष जाहिर करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि